न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, (SDO) बाड़मेर

नाम पीठासीन अधिकारीः– श्री रोहित चौहान आर.ए.एस.

प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021 राजीव गांधी सेवा केन्द्र गंगासरा

प्रार्थीगण	बनाम	विप्रार्थीगण
हड़मानराम पुत्र रासाराम जाति–जाट निवासी–मूले का तला (सरली) तहसील एवं जिला बाड़मेर।		1.रामाराम पुत्र मोबताराम 2. पेमाराम पुत्र मोबताराम 3. घमण्डाराम पुत्र दुर्गाराम 4. देदाराम पुत्र पुरखाराम 5. आईदानराम पुत्र खेताराम 6. दलाराम पुत्र खेताराम 7. नैनाराम पुत्र खेताराम 8. पुरोदेवी पत्नि खेताराम जातियान जाट, निवासी– मूले का तला तहसील व जिला बाड़मेर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 करने नेखमबन्दी बाबत्

दिनांक–01.12.2021

राजस्व आवेदन संख्या–79/2018

आदेश

उपर्युक्त, प्रकरण मौजा मूले का तला, पटवार हलका सरली तहसील व जिला बाडमेंर के खेत खसरा नम्बर 623/384 रकबा 21 बीघा 01 बिस्वा किस्म बारानी दोयम के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार बाड़मेर को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। उक्त नेखमबन्दी कार्रवाई करने से पूर्व प्रार्थी व विप्रार्थीगण को जरिये नोटिस/पत्र सूचित करते हुए एक निश्चित तारीख मुकर्रर कर (वर्षाकाल में खड़ी फसल पर सीमांकन व पत्थरगढ़ी नही करने बाबत् राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देश दिनांक 07.09.1992 के मदेनजर) कर पक्षकारान की उपस्थिति में नेखमबन्दी की जावे। कमीश्नर शुल्क रूपये 1500/– अक्षरे एक हजार पांच सौ रूपये मात्र निर्धारित की जाती है, जो प्रार्थी द्वारा मौके पर अदा किया जावेगा।

(रोहित चौहान)

उपखण्ड अधिकारी (SDO)बाड़मेर

दिनांक– 01/12/2021

क्रमांक/रीडर/2021/ 6409-6492

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हैः–

1. तहसीलदार बाड़मेर पालना प्रस्तुत करते वक्त पत्र पर निर्णय की तिथी अवश्य अंकित करें।
2. पटवारी ~~गंगासरा~~ सरली को भेजकर लेख है कि निर्धारित तिथी को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबन्दी की कार्रवाई पूर्ण करावें।
3. प्रार्थी हड़मानराम पुत्र रासाराम जाति जाट निवासी–मूले का तला, सरली तहसील व जिला बाड़मेर
4. विप्रार्थी रामाराम पुत्र मोबताराम वगैरा जाति जाट, निवासी मूले का तला तहसील व जिला बाड़मेर

उपखण्ड अधिकारी (SDO)बाड़मेर

C:\Users\Raj\Desktop\SDM BAEMER COURT DOCUMENT\251 A\order 251.docx